प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चुनाव प्रचार में लिए पुदुचेरी जाएंगे, जहां वे रोड शो और जनसभा को संबोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज उज्जैन में 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- सरकार ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून तक कस्टम ड्यूटी पूरी तरह हटा दी है।
- कल रात हैदराबाद ने कोलकाता को 65 रन से हराया; आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला होगा।

प्रधानमंत्री–विदेश मंत्री–मंटुरोव की बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव से मुलाकात की। उन्होंने व्यापार, उर्वरक, संपर्क और जन–संबंधों में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग पर चर्चा की। सोशल मीडिया पोस्ट में, कल श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने दिसंबर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान आयोजित 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के परिणामों को लागू करने के लिए दोनों पक्षों के निरंतर प्रयासों का स्वागत किया।विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और श्री मंतुरोव ने दिल्ली में हुई बैठक में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष सहित क्षेत्रीय तथा वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार–विमर्श किया।

प्रधानमंत्री पुद्दुचेरी दौरा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए पुदुचेरी जाएंगे। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट के अनुसार श्री मोदी रोड शो करेंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं तथा लोगों को संबोधित करेंगे।

जनविश्वास विधेयक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2026 के पारित होने से देश में जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विधेयक विश्वास पर आधारित ढांचे को मजबूत करता है, जिससे नागरिकों को सशक्त बनाया जा सके और पुराने नियमों और विनियमों को समाप्त किया जा सके। श्री मोदी ने कहा कि इससे मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित होगा और अपराध की श्रेणी से मुकदमेबाजी का बोझ कम होगा। उन्होंने उन सभी लोगों की सराहना की, जिन्होंने संसद में इसके पारित होने में सहयोग दिया। संसद ने जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक पारित कर दिया है, जिसे राज्यसभा ने कल मंजूरी दी थी। लोकसभा ने बुधवार को यह विधेयक पारित किया था।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकालः द मास्टर ऑफ टाइम' का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक 'उज्जैन साइंस सेंटर' का लोकार्पण भी करेंगे। इस वैश्विक समागम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गजेंद्र सिंह शेखावत सहित इसरो के वैज्ञानिक और देश–विदेश के शोधार्थी हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय से उज्जैन–डोंगला को पुनः वैश्विक 'टाइम स्केल सेंटर' के रूप में स्थापित करना है।

एलपीजी, पेट्रोल–मुख्य सचिव अनुराग जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर्स के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कल मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य में ईंधन की कोई कमी नहीं है, अतः उपभोक्ता पैनिक बुकिंग से बचें। मुख्य सचिव ने जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' के तहत सख्त कार्यवाही और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बताया गया कि अब तक प्रदेशभर में तीन हजार से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

पेट्रोकेमिकल उत्पाद–सीमा शुल्क छूट

पश्चिम एशिया में जारी संकट को देखते हुए सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून तक सीमा शुल्क में पूर्ण छूट देने का निर्णय किया है। पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर आज अंतरमंत्रालयी ब्रीफिंग में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य संजय मंगल ने कहा कि यह निर्णय घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल इनपुट की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और देश में आपूर्ति स्थिरता बनाए रखने के लिए एक अस्थायी और लक्षित राहत के तौर पर लिया गया है।

'सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य'–वाराणसी

वाराणसी के बी.एल.डब्ल्यू. मैदान में आज से तीन दिवसीय 'सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य' का शुभारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में 200 से अधिक कलाकार हाथी, घोड़ों और रथों के साथ भारतीय सांस्कृतिक चेतना को जीवंत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव, बाबा विश्वनाथ को विश्व की पहली 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' अर्पित करेंगे।

महंगाई भत्ता–कर्मचारी/पेंशनर

राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते यानी डी–ए और पेंशनरों की महंगाई राहत में बड़ी बढ़ोतरी के आदेश जारी कर दिए हैं। सातवें वेतनमान के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का महंगाई भत्ता अब 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। जुलाई से मार्च तक की एरियर राशि का भुगतान मई से अक्टूबर 2026 के बीच छह समान किश्तों में किया जाएगा। विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार ने इस अवधि में सेवानिवृत्त या दिवंगत हुए कर्मचारियों के परिजनों को एरियर की पूरी राशि एकमुश्त देने का निर्णय लिया है। साथ ही, प्रदेश के साढ़े चार लाख से अधिक पेंशनरों के लिए भी खुशखबरी है। सातवें वेतनमान के पेंशनरों की महंगाई राहत में 3 प्रतिशत और छठवें वेतनमान वालों के लिए 5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस निर्णय के बाद अब सातवें वेतनमान के पेंशनरों को 58 प्रतिशत और छठवें वेतनमान के पेंशनरों को 257 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत प्राप्त होगी।

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल–2026 में प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित फिल्म 'लोकमाता देवी अहिल्या बाई' को 'इतिहास संरक्षण में योगदान' के लिए सम्मानित किया गया है। देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आधारित इस प्रभावशाली एनीमेशन फिल्म के लिए निर्देशक डिंपल दुगर को 'नाइट ऑफ ऑनर्स' समारोह में पुरस्कृत किया गया। अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला ने इस सम्मान को प्रदेश के सुशासन और महिला सशक्तिकरण की वैश्विक पहचान बताया है।

अंगदान–इंदौर

अंगदान के क्षेत्र में देश का अग्रणी शहर इंदौर अब एक नई मिसाल पेश कर रहा है। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जानकारी दी है कि अंगदान के लिए प्रेरित करने वाले किसी भी व्यक्ति को 'सहायता संस्था' द्वारा 25 हजार रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इंदौर सोसायटी फॉर ऑर्गन डोनेशन की बैठक में बताया गया कि संभाग के 11 प्रमुख अस्पताल अंग प्रत्यारोपण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। रिकॉर्ड के

अनुसार, इंदौर देश में त्वचा दान के क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है और यहाँ अब तक 18 हजार से अधिक नेत्रदान संपन्न हो चुके हैं।

आकाशवाणी–लखनऊ

आकाशवाणी लखनऊ अपनी स्थापना के 89वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी को बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल ऐतिहासिक आंदोलनों का साक्षी रहा है, बल्कि लोक–कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम भी बना है। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने इस यात्रा को दिग्गज कलाकारों और सांस्कृतिक विरासत का संगम बताया। इस अवसर पर आकाशवाणी के महानिदेशक, राजीव कुमार जैन ने मीडिया से बात चीत में अपने विचार साझा किये।

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग– आई.पी.एल. क्रिकेट में, सनराइजर्स हैदराबाद ने कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हरा दिया। 227 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, कोलकाता नाइट राइडर्स सिर्फ 16 ओवर में 161 रन पर सिमट गई। आज, चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- मैहर सिविल अस्पताल में पैरामेडीकल स्टाफ ने स्वप्रेरणा से रक्तदान कर 40 यूनिट रक्त कलेक्शन किया। वहीं एनसीसी कैडेटो द्वारा 30 यूनिट रक्तदान हुआ।
- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिये 15 जून को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।
- इंदौर जिले में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाते पाये जाने पर 15 हजार रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जाएगा।
- आगरमालवा में कल जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम मे दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश आमजनों तक पहुँचाते हुए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया।

————————————